हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025

11 युवा हमारे समाज की हैं रीढ़: विनोद



12 दूसरे दिन भी 2 घंटे कार्य रखा ठप, 4 माह का आखिर कब...



# अरावली जोन में माइंस संचालकों ने बांध तोड़कर बनाया रास्ता

**विभाग की भूजल रिचार्ज योजना हुई धराशयी**

- बसीरपुर के ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर दर्ज कराई शिकायत, कार्रवाई करने को तैयार नहीं प्रशासनिक अधिकारी, भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

अमरपुर जौरासी माइंस के संचालकों ने अरावली जोन में बांध को तोड़कर रास्ते का निर्माण करवा दिया। जिससे विभाग की ओर से खर्च किए गए लाखों रुपये के बजट पर पानी फिर गया। वहीं भूजल रिचार्ज योजना धराशायी हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी, लेकिन अभी तक अधिकारियों ने मौका निरीक्षण नहीं किया है। जिससे ग्रामीणों में माइंस संचालकों व प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगति होने की चर्चाएं तेज हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि निजामपुर ब्लॉक के अधिकांश गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है। सिंचाई के आभाव में किसानों की खेतीबाड़ी खरीफ सीजन की फसलों तक सिमट गई, क्योंकि दो से तीन महीने मानसून सक्रिय होने के कारण बाजरे व ग्वार की फसल को सिंचाई की जरूरत नहीं होती। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए विभाग ने पहाड़ों की तलहटी पर छोटे-छोटे बांध निर्माण कराने की योजना बनाई थी।

योजना के मुताबिक अमरपुर जौरासी पहाड़ के पास बसीरपुर पंचायत की सीमा में बांध निर्माण कराया गया था। बांध की दीवारों पर पौधारोपण किया गया था, ताकि हरियाली का रकबा बढ़ सके, लेकिन इसी दौरान विभाग ने अमरपुर जौरासी के पहाड़ को पत्थर खनन के लिए लीज पर छोड़ दिया। लीज प्रक्रिया के दौरान संचालक को ब्लास्टिंग, प्रदूषण व पौधारोपण की शर्तों से अवगत कराया था, लेकिन माइंस से पत्थर सप्लाई के लिए रास्ते की व्यवस्था नहीं की। संचालकों ने बांध को तोड़कर करीब 40 फीट का रास्ता तैयार किया है। इस दौरान फोरेस्ट विभाग की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। सूचना मिलने पर बसीरपुर, मुंकदपुरा के ग्रामीणों ने मौका निरीक्षण किया तथा संचालक को नुकसान से अवगत कराया, लेकिन उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनने से इंकार कर दिया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत देकर अनियमिताओं की जांच और कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। शिकायत को एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, अभी तक कार्रवाई की प्रक्रिया अटकी हुई है।



निजामपुर। माइंस में पत्थरों का खनन करती हुई जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### जेसीबी से रास्ता रोका गया, लेकिन संचालकों ने करवा लिया समतल

ग्रामीणों ने बताया कि अरावली जोन में अवैध रूप से रास्ता निर्माण कराने पर आपत्ति जताई थी। जेसीबी की मदद से चार से पांच बार रास्ते को कटवा (बंद) भी दिया, लेकिन माइंस संचालक दोबारा समतल कर लेते हैं। विरोध करने पर कोई केस में फंसाने का अल्टीमेटम देते हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से अरावली जोन में पेड़ व बांध की हुई क्षति का जुर्माना लगाने की गुहार लगाई है। साथ ही क्षतिग्रस्त रकबे पर पौधारोपण कराना होगा। जिससे गांव का पर्यावरण स्वच्छ बना रहे।

### सीएम विंडो पर शिकायत कार्रवाई का इंतजार

बसीरपुर की सरपंच के प्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया कि अमरपुर जौरासी माइंस संचालक अरावली जोन के रास्ते से पत्थर सप्लाई कर रहा है। रास्ते का निर्माण करने के दौरान बांध की दीवार तोड़ दी। कार्रवाई के लिए सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवा दी, लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारियों ने मौका निरीक्षण तक नहीं किया। जेसीबी की मदद से रास्ते की खुदाई भी कराई गई थी, लेकिन माइंस संचालक तुरंत समतल करवा लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई आज

**महेंद्रगढ़।** कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम का कार्यकारी अभियंता कार्यालय में 13 अगस्त उपभोक्ताओं की बिलिंग से संबंधित शिकायत सुनी जाएंगी। कार्यालय में दक्षिणी हरयाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायत की सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यकारी अभियंता कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### सांसद धर्मबीर सिंह आज सुनेंगे जनसमस्याएं

**नारनौल।** भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कहा कि कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु भारतीय जनता पार्टी निरंतर जनसंपर्क व जनसंवाद के माध्यम से कार्य कर रही है। इसी क्रम में महेन्द्रगढ़ भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह 13 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जनसमस्याएं सुनेंगे। इस जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना व उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, प्रशासनिक, क्षेत्रीय समस्याओं को सांसद एवं जिला अध्यक्ष के समक्ष रख सकेंगे।

### खनिज मिश्रण वितरित के लिए शिविर आज

**कनीना।** कनीना क्षेत्र के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। पशुपालकों को बुधवार को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से राजकीय पशु चिकित्सालय कनीना में सरकारी दर पर किसानों को खनिज मिश्रण दिया जाएगा। इस बारे में पशु चिकित्सक पवन कांगड़ा ने बताया कि सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले इस शिविर के माध्यम से पांच किलो की खनिज मिश्रण की थैली 500 रुपये में दी जाएगी। पशुपालक शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

**देवनगर बांध को पर्यटन स्थल बनाने की योजना पर काम हुआ शुरू, टीनशेड लगाने का काम पूरा**

# देवनगर का बांध बनेगा मिनी झील, बढ़ेगा पर्यटन और मिलेगा रोजगार

- ग्राम पंचायत ने बनाई पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना स्थानीय युवाओं में उत्साह
- गांव देवनगर में तीन करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ बांध, बांध में 11 फीट तक रहता है पानी
- बांध बनने के बाद आसपास क्षेत्र के जलस्तर में आया सुधार, आसपास गांवों के युवा बांध पर करते है तैराकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव देवनगर में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में नई शुरुआत हो चुकी है। ग्राम पंचायत ने यहां बने बड़े बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बांध के साथ टीनशेड़ लगवाने का काम पूरा करा दिया गया है। अब ग्राम पंचायत की ओर से आगामी योजना पर काम किया जाएगा।

बता दें कि सिंचाई विभाग की ओर से गत वर्ष दोहान नदी पर 11 मीटर की दूरी पर बांध बनाया गया था, जिसमें करीब 3 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत आई थी। इस बांध की चौडाई करीब 300 से 500 मीटर है। यह बांध पूरी तरह से मिनी झील की तरह नजर आता है।

आसपास के ग्रामीण अक्सर गर्मी के मौसम बांध का आनंद लेते है तथा युवा यहां तैराकी करते है। बांध के प्रति लोगों की रूचि को देखते हुए ग्राम पंचायत की ओर से बांध को मिनी झील के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है। इसी तहत ग्राम पंचायत की ओर से बांध के साथ 27 बाई 50 का टीनशेड लगवा दिया गया है। अब टीनशेड़ के अंदर कुर्सिया लगवाई जाएंगी। इसके अलावा डिवाईन वाली झोपड़ी लगाने का काम भी जल्द शुरू होगा, ताकि आसपास के लोग महेंद्रगढ़ में पर्यटन का आनंद ले सकें।



महेंद्रगढ़। गांव देवनगर के बांध पर लगाया गया टीनशेड़। फोटो: हरिभूमि

### जलस्तर में भी आया सुधार

गांव देवनगर का जलस्तर अन्य गांवों की तरह बांध बनने के पहले से काफी नीचे था। दोहान नदी के आने के बाद देवनगर के जलस्तर में काफी सुधार आया है। वहीं गांव में बांध बनने के जलस्तर में काफी सुधार आया है। गांव में बने बांध करीब दो माह तक पानी खड़ा रहता है। इससे लगातार जलस्तर में सुधार देखने को मिल रहा है। अभी गांव का जलस्तर करीब 200 फीट पर पहुंच गया है।

### अच्छी किस्म के पेड़ लगाने की योजना

ग्राम पंचायत की ओर से बांध के साथ लगती वन विभाग की जमीन पर लगे पेड़ो की कटाई की अनुमति ली जाएगी तथा इनकी जगह अच्छी किस्म के पेड़ लगाने की योजना बना रहे है, ताकि राजस्थान के कई शहरों के घूमने के लिए जाने वाले लोग महेंद्रगढ़ जिले में भी पर्यटन का आनंद ले सकें। जिला में पुराना किला, माधोगढ़ की पहाड़ी, ढोसी की पहाड़ी, बीरबल का छत्ता, चोर गुबंद, जलमहल, शाहकुली खां का मकबरा, मिर्जा अली की बावड़ी सहित अन्य ऐतहासिक स्थल है। ऐसें राजस्थान में जाने वाले लोग समय यहां घूमने की काफी उम्मीदें है। अगर इन पर्यटन स्थानों का विकास होता है तो इस क्षेत्र में व्यापार एवं रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी तथा महेंद्रगढ़ जिला को देश के पर्यटन मानचित्र पर अलग पहचान मिलेगी।

### जल्द शुरू होगा आगामी योजना पर काम

गांव के सरपंच कृष्ण कुमार का कहना है कि बांध के साथ टीनशेड लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही टीनशेड के अंदर कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा पारंपरिक झोपड़ियां बनाकर उनमें भी 10 से 20 कुर्सियां लगाई जाएंगी, ताकि लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें।

# डीटीपी ने चलाया अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र नारनौल में कोरियावास मेडिकल कॉलेज रोड पर लगभग पांच एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार राजस्व सम्पदा लुतुफपुर में कुछ लोगों की ओर से लगभग एक पांच एकड़ भूमि में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस दौरान छह चारदीवारी व 15 डीपीसी के साथ-साथ सभी कच्चे रास्ते उखाड़ दिए गए। यह पूरी कार्रवाई जिला नगर योजनाकार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार मन्दीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें, अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसलिए आमजन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

# हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के जिला प्रधान बने डा. विवेक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नागरिक अस्पताल परिसर में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के राज्य महासचिव डा. अनिल यादव ने की।

संचालन डा. जगमोहन द्वारा किया गया। बैठक के दौरान चिकित्सकों को सर्विस के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान बारे मंथन किया गया। बैठक में एससीएमएस की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डा. विवेक शर्मा को जिला प्रधान, डा. जगमोहन को वरिष्ठ उपप्रधान, डा. विजय यादव व डा. कुदरत को उपप्रधान, डा. पंकज यादव को महासचिव तथा डा. सरजीत सिंह व डा. दीपान्शु को संयुक्त सचिव बनाया गया। अंत में राज्य महासचिव डा. अनिल यादव द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डा. विवेक शर्मा द्वारा कहा गया कि एसोसिएशन द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है, उसका निर्वहन एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।



नारनौल। नागरिक अस्पताल परिसर में बैठक करते एचएसएमएसए के पदाधिकारी।

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव जाटवास के समीप हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक बीती शाम को दुलोठ अहीर से काम करके वापस घर लौट रहा था। इस दौरान वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। गांव जाटवास निवासी इंद्रसिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका भतीजा अनिल कुमार दुलोठ में काम करने के लिए गया था। काम करने के बाद वह रात को करीब आठ बजे बाइक पर सवार होकर अपने गांव आ रहा था। इस दौरान गांव के पास ही वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे की सूचना पर आसपास के लोगों ने उसको इलाज के लिए महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत के चलते पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए रोहतक ले गए। जहां पर उपचार के दौरान आज उसने दम तोड़ दिया। मृतक के एक तीन साल का लड़का तथा दो साल की लड़की है।

### 28 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**नारनौल।** कांवी गांव में करीब 28 वर्षीय युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव कांवी निवासी करीब 28 वर्षीय इंद्रजीत ने अपने घर पर ही सोमवार सायं को किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि इंद्रजीत खेतीबाड़ी करता था और वह शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि उन्हें डाक्टरों से ही पता चला कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया हुआ है। कारणों की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# गलती से जहरीला पदार्थ खाने से किसान की मौत



**महेंद्रगढ़।** शहर के एक निजी अस्पताल में बाढ़डा थाना के गांव बडराई निवासी किसान की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद नागरिक अस्पताल में पहुंची बाढ़डा पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में चरखी दादरी के गांव बड़राई निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि उसका छोटा लड़का राजेश, जिसकी उम्र करीब 38 साल है। वह शराब का अधिक सेवन करता था। 11 अगस्त की रात को उसने नशे में उसने गलती से घर में पहले से गेहूं में डालने के लिए रखी गोली बुखार की गोली समझकर खा ली। गोली खाने के बाद जब उसकी तबीयत खराब होने लगी तो वे उसको महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में ले आए। जहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक शादीशुदा था तथा उसके दो बच्चे हैं। सूचना मिलने पर बाढ़डा थाने से पहुंची पुलिस ने नागरिक अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया।

# सतनाली में चोरों ने किरयाणा की दुकान को बनाया निशाना

- सीसीटीवी में कैद हुई घटना पुलिस ने किया मौका मुआयना फोरेंसिक टीम ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतनाली मंडी

कस्बे के स्कूल ग्राउंड के सामने स्थित एक किरयाणा की दुकान से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये के सामान सहित नगद रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित दुकानदार विनोद कुमार गोयल ने बताया कि उसकी स्कूल ग्राउंड के सामने किरयाणा की दुकान है और हर रोज की तरह सोमवार रात को वे अपनी दुकान के शटर सहित बिल्डिंग के सभी दरवाजे अच्छे से लॉक कर परिवार सहित दुकान के ऊपर बने बीच के भाग में सो गए थे। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि जब सुबह देखा तो दुकान में सामान बिखरा हुआ था। उसके बाद देखा की शटर आदि बिल्कुल सही थे और लॉक भी लगे हुए थे। इसके बाद तीसरी मंजिल पर जाकर देखा तो वहां जाली फाड़ी हुई थी और ऊपर का सामान भी बिखरा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर उनकी दुकान से गल्ले में रखे नगद रुपये, चांदी का सामान सहित ड्राई फ्रुट, सिगरेट के बॉक्स चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि घटना की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद है। उन्होंने पुलिस से चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व चोरी किया गया सामान बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।



सतनाली मंडी। दुकान में लगे सीसीटीवी में दिख रहे चोर।

**पोर्टल की खराबी बन रही बाधा** | **पिछड़े वर्ग के आवेदकों में अपने प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनवाने की लगी होड़**


# सरल पोर्टल की खामियों से नागरिक परेशान जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार का महत्वाकांक्षी सरल पोर्टल जिसे सभी सरकारी सेवाओं को एक ही मंच पर लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, आए दिन तकनीकी खामियों के चलते नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। हाल ही में बीते चार दिनों से इस पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया बाधित है, जिससे हजारों आवेदक विशेषकर वे जो सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे है, खासे परेशान हो रहे है।

### जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में रुकावट

नागरिकों का कहना है कि जब वे जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते है तो उनके अनुरोध को यह कहकर रद्द कर दिया जाता है कि परिवार पहचान पत्र में जाति का सत्यापन नहीं हुआ है। यह तकनीकी खराबी ऐसे समय में सामने आई है जब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सीईटी फॉर्म में सुधार के लिए पोर्टल खोलने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद से ही पिछड़े वर्ग के आवेदकों में अपने प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनवाने की होड़ लगी हुई है लेकिन पोर्टल की खराबी उनके प्रयासों पर पानी फेर रही है।





नारनौल। पोर्टल में दिखाया गया एरर।

### सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल

एक तरफ सरकार पारदर्शिता और सरलीकरण का दावा करती है वहीं दूसरी तरफ इस तरह की तकनीकी दिक्कतें सरकार के दावों की पोल खोल रही है। एक महीने पहले भी इसी तरह की समस्या सामने आई थी जिसके कारण कई उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी छोड़कर सामान्य वर्ग में आवेदन करने को मजबूर होना पड़ा था। सरकार की इस तरह की खामी से न केवल उम्मीदवारों का भविष्य अधर में लटक रहा है बल्कि उनका सरकार पर से विश्वास भी कम हो रहा है।

### समस्याएं सिर्फ जाति प्रमाण पत्र तक सीमित नहीं

पोर्टल की खामियां सिर्फ जाति प्रमाण पत्र तक ही सीमित नहीं है। परिवार पहचान पत्र से जाति प्रमाण पत्र जारी होने के बाद से राज्य से बाहर की विवाहित महिलाओं को भी जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है जिससे वे भी सरकारी योजनाओं और नौकरियों के लाभ से वंचित हो रही है। सरकार को इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और सरल पोर्टल को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। यह देखना बाकी है कि सरकार इस मामले पर कब तक चुप्पी साधे रहती है और नागरिकों की परेशानियों को कब दूर करती है।



## फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style

## भूमि
### बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।



हॉलीवुड मसाला




## दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




## कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।



## सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।



## जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

टीवी मसाला



## कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

### कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



## काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



## बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*

***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*




### अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

## धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन** : डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्सः द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा** : सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी** : पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स** : कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा** : हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियनः अर्थ** : एलियनः अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप** : अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान** : तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड** : लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

खबर संक्षेप

## कंपनी कर्मचारी से पर्स और मोबाइल छीना

**नारनौल।** निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी से मारपीट कर पर्स व मोबाइल छीनने के मामले में पीड़ित ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में राजस्थान के नीमराना निवासी विजेंद्र कुमार ने बताया कि वह बीती शाम को करीब पौने चार बजे अपनी बाइक से घर का सामान लेने के लिए नारनौल आया था। सामान लेने के बाद वह वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह गांव भूषण कलां के पास लघुशंका के लिए रुका तो पीछे से काले रंग की बाइक पर तीन युवक आए। आते ही उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## दौंगड़ा अहीर में कल निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**मंडी अटेली।** हर घर तिरंगा अभियान के अर्न्तगत 14 अगस्त को भाजपा अटेली विधानसभा के गांव दौगड़ा अहीर में तिरंगा यात्रा निकालेंगी। जानकारी देते हुए अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने बताया कि यह यात्रा कल सायं चार बजे निकल जाएगी, जिसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव रहेगी। यह यात्रा शहिद सूबेदार विजय सिंह के शहीद स्मारक से शुरू होकर शहीद महावीर प्रसाद के स्मारक पर जाकर समापन हो जाएगी। इस यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ाना है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# युवा हमारे समाज की हैं रीढ़: विनोद

युवाओं से आग्रह किया कि वे न केवल अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल व अन्य।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला स्तरीय अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद खनगवाल ने कहा कि हर वर्ष 12 अगस्त को उद्यमिता व अधिकारिता मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस युवा मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को सही दिशा में प्रोत्साहित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे न केवल अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने यूनाइटेड नेशन से संबंधित युवाओं के लिए चलाई जारी योजनाओं के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा भी युवाओं को प्रोत्साहित व उनके हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में युवा शक्ति सबसे अधिक है। इसलिए हमारा यह दायित्व भी बनता है कि भारत दुनिया को बेहतर बनाने अपनी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें। जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने युवाओं को मार्गदर्शन करते हुए खेलों में युवाओं की भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही खेल विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न खेलों से जुड़ी योजनाओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया। प्रतियोगिता के विजेता युवाओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर आईटीआई से अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, उप प्रधानाचार्य सुनील कोसलिया, एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल, छत्रपाल, गुरुदयाल, राजेश, सुरेश, प्रेमपाल, रोहतास सिंह, राकेश सैनी आदि मौजूद थे।



नारनौल। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## सिंघानिया विवि में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पांच किमी रैली आयोजित

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्थायी विकास लक्ष्यों और उससे आगे के लिए स्थानीय युवाओं के संबंध विषय के साथ और विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम 2025 के अंतर्गत पांच किलोमीटर लंबी रैली निकाली गई। रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर पंचमुखी मंदिर पचेरी तक पहुंची। इसमें एनडीएसआई एस स्कूल पचेरी के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ मिलकर भाग लिया। युवाओं ने रैली के माध्यम से एकजुटता और वैश्विक लक्ष्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कैंपस डायरेक्टर प्रो. पीएनएस जस्सल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का यह आयोजन विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम की भावना को साकार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा देश और समाज के भविष्य के निर्माता हैं और ऐसे आयोजन से उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास के प्रति संकल्प मजबूत होता है। रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान हाशमी ने कहा कि आज के युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़ें तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव के सबसे बड़े वाहक बन सकते हैं। प्रो. वाइस चांसलर, डॉ. पवन त्रिपाठी ने कहा कि युवा ऊर्जा और नवाचार के प्रतीक हैं। जब वे समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है।



नारनौल। दौंगड़ा अहीर स्कूल में तिरंगा यात्रा निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर ने आजादी के महोत्सव व हर घर तिरंगा के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा का शुभारंभ ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बबरूभान बोहरा व विद्यालय प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। एसएमसी प्रधान रमेश कुमार यादव, आर्य समाज के प्रधान रघुबीर यादव, एसएमसी पूर्व प्रधान रामानंद यादव, महाशय भरत सिंह, धर्मेन्द्र यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता देवव्रत यादव, एनएसएस प्रभारी पवन जांगिड़, प्रवक्ता नीरज शर्मा, रेणु यादव, सुनीता यादव, अशोक कुमार जांगिड़, अजय यादव, नरेंद्र कुमार यादव, महिपाल गौरा, राजकौर यादव, मीना कुमारी, मंजू यादव, मधु मरोड़िया, करणसिंह डीपीई, बाबू रूपेश कुमार, विक्रम सिंह, धनसराज आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र सिंह, पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता मामन प्रधान, रघुवीर सिंह पूर्व सैनिक, ग्राम पंचायत के सदस्यगण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में जन्माष्टमी उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में जूनियर विंग ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओं को उभारने के लिए कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा चौथी के बच्चों ने झूला मेकिंग प्रतियोगिता में भगवान कृष्ण के लिए सुंदर झूले बनाए। कक्षा पांचवीं के बच्चों ने ग्लास पेंटिंग प्रतियोगिता में अपनी पेंटिंग कौशल का प्रदर्शन किया और भगवान कृष्ण की सुंदर तस्वीरें बनाई। कक्षा दूसरी के बच्चों ने बांसुरी मेकिंग प्रतियोगिता में भगवान कृष्ण की बांसुरी बनाने में अपनी रचनात्मकता दिखाई। मटकी डेकोरेशन प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी के छात्रों ने मटकी को सजाने में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर प्राचार्य वेदपाल यादव ने समस्त छात्रों को श्रीकृष्ण के जीवन से अवगत करवाया व बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। इस मौके पर प्राईमरी हैड उमा यादव, अध्यापिका मनीता यादव, अध्यापक अतर सिंह, अध्यापक मोहित, अध्यापिका कविता, सुषमा, आशा, नीतु व सुनीता आदि मौजूद थे।


नारनौल। झूले दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि


महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## जिलास्तरीय हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चले कड़े मुकाबले

**महेंद्रगढ़।** राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल कनीना में जिला स्तरीय हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन जिले के विभिन्न स्कूलों से आए टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सभी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन बास्केटबॉल अंडर-19 में प्रथम स्थान आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़, द्वितीय स्थान यदुवंशी नारनौल, अंडर-17 में प्रथम स्थान आरपीएस महेंद्रगढ़ एवं द्वितीय स्थान आरपीएस नारनौल, अंडर-14 मे प्रथम स्थान आरपीएस महेंद्रगढ़ एवं द्वितीय स्थान आरपीएस नारनौल ने प्राप्त किया। संस्था चेयरमैन रोशन लाल यादव एवं प्रिंसिपल हरिप्रकाश शर्मा ने विजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर दशरथ प्राध्यापक कन्वेयर के रूप में मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन राकेश गोड के द्वारा किया गया। कोच के रूप में डीपी प्रवीण आरपीएस कनीना, कोच संजीव कुमार राता कला, कोच अमित कुमार आरएसएस, डीपी सुनील, राकेश देवयानी, कोच मुकेश आरआरसीएम, कोच हरिओम, सुनील कुमार एवं कोच जूही शर्मा मौजूद रही।

## यदुवंशी के विद्यार्थियों ने पांचवी जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पांचवी जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता 18 से 28 आयु वर्ग में आयोजित की गई थी, जिसमें जिलेभर के अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अनेक योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें परंपरागत योग प्रतियोगिता में नीति पुत्री विजयपाल ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं वर्षा पुत्री सूरजभान ने उसी श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया। फारवर्ड बैड स्टैंडिंग योग में वर्षा पुत्री सूरजभान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वही ग्रुप डांस योगा में आरती पुत्री करतार सिंह और मासूम पुत्री सतपाल सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इन प्रतिभाशाली बच्चों ने योग के क्षेत्र में न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान व यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने भी सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


नारनौल। विद्या देवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## विद्या देवी स्कूल के 41 खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलों के लिए चयनित

**नारनौल।** विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने एसजीएफआई स्कूल ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के कुल 41 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता के उपरांत विद्यालय प्रबंधन ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया। सभी खिलाड़ियों व उनके कोच तथा खेल संयोजक को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन तेजपाल यादव ने घोषणा की कि 15 अगस्त को इन सभी खिलाड़ियों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक विक्रांत यादव, प्राचार्य राजकुमार यादव, कोच ललित डाबड़, खेल संयोजक अमित उपस्थित रहे।

## राज्य शाखा उपाध्यक्ष ने किया रेडक्रॉस कार्यालय का निरीक्षण

**नारनौल।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने जिला रेडक्रॉस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेवा भावना में कमी न आने दें और लोगों की समस्याओं का समाधान करें। मानवता की सेवा करना रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने जिला रेडक्रॉस परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह, डॉ. एसपी सिंह, ब्रिगेड ऑफिसर टेकचंद यादव के अलावा कार्यालय के कर्मचारी व ब्रिगेड ऑफिसर मौजूद थे।

# एमआर स्कूल में तीन दिवसीय टेबल टेनिस के 15वें कलस्टर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एमआर पब्लिक स्कूल अटेली में सीबीएसई की ओर से आयोजित करवाए जा रहे 15वें टेबल टेनिस के मुकाबलों के तीसरे दिन में आयुवर्ग 14, 17, 19 के फाइनल खेल हुए। जिनके परिणाम बहुत ही रोचक रहे। खिलाड़ियों ने मैच पर कब्जा करने के अपना पूरा प्रयास किया। प्रतियोगिता के समापन के दिन मुख्य अतिथि एसडीएम रमित यादव ने शिरकत की। आयुवर्ग 14 के एकल मुकाबले में डीपीएस हिसार ने स्वर्ग पदक प्राप्त किया। डीपीएस फरीदाबाद को रजत पदक तथा मानव रचना फरीदाबाद व डीपीएस फरीदाबाद को संयुक्त रूप से कांस्य पदक मिला।

इसी प्रकार आयुवर्ग 17 के परिणामों में बाल भारती मानेसर ने स्वर्ण पदक, प्रिजिडियम स्कूल गुड़ग्राम में रजत पदक तथा बाल भारती मानेसर व एसबी मॉडल स्कूल रोहतक ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक पाया। आयु वर्ग 19 में डीएवी सेक्टर 49 फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक, रजत व कांस्य तीनों पदकों पर कब्जा किया। बाकी वर्ग में एमबीएन फरीदाबाद ने कांस्य पदक पाया। टीम मुकाबलों में आयुवर्ग 14 में डीपीएस हिसार को स्वर्ण पदक, डीपीएस फरीदाबाद को रजत पदक व हैरिटेज स्कूल गुरुग्राम व डीएवी फरीदाबाद की संयुक्त रूप से कांस्य पदक मिला। आयुवर्ग 17 में बाल भारती स्कूल को स्वर्ण, एसबी मॉडल स्कूल को रजत पदक व अमेटी स्कूल गुरुग्राम तथा मानव रचना स्कूल सेक्टर 14 फरीदाबाद को संयुक्त रूप से कांस्य पदक मिला। आयुवर्ग 19 में मानव रचना स्कूल सेक्टर 14 फरीदाबाद की टीम को स्वर्ग पदक मिला, वहीं एमवीएन स्कूल सेक्टर 17 फरीदाबाद को रजत पदक मिला। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल फरीराबाद, हैरिटेज स्कूल सेक्टर 62 गुरुग्राम को संयुक्त रूप से कांस्य पदक मिला। समापन कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम रमित यादव ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सियाराम यादव, स्कूल प्राचार्य मनोज कुमार ने समस्त सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस मौके पर एमआर स्कूल मित्रपुरा की स्कूल प्राचार्या अनिता यादव, विरेन्द्र यादव, सीबीएसई ऑब्जर्वर जसविन्द्र सिंह, मुख्य रेफरी नलिन सोमानी, खेल प्रभारी बुधराम आदि मौजूद थे।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आज

**नारनौल।** आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में है। 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। ठीक नौ बजे उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे तथा मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस बार 15 अगस्त को हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 10 टीमों का चयन किया गया है। इसके अलावा एक टीम राष्ट्रगान के लिए तैयार की गई है। इस बार जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह में 10 परेड की टुकड़िया शामिल होंगी। परेड कमांडर डीएसपी भारत भूषण की अगवाई में ये टुकड़िया लगातार आईटीआई मैदान में अपना अभ्यास कर रही है। इसके अलावा हजारों स्कूली बच्चे एक साथ डंबल व लेजियम शो का प्रदर्शन भी करेंगे।

**NOTICE**

I, Satish Kumar S/o Ranjeet Singh R/o Jhook Tehsil & Distt. Mahendragarh, Haryana-123029 declare that my old name is Satish Kumar Ranjeet Singh as per my education Certificate and Service Records and I want to change my name to Satish Kumar S/o Ranjeet Singh (New name) as per Aadhar Card, Pan Card and other documents. Neither any court case in any court nor any bank loan is pending against my old name. I will be solely responsible for any illegal activity, if any is carried out by me after changing my name.

**NOTICE**

I, Rajesh Singh s/o Rohtash Singh Village Jhigawan, Tehsil Kanina, Distt. Mahendergarh declare that in my son's 10th class dmc my & my wife's name wrongly recorded as Rajesh & Anshu. Whereas my & my wife correct names are Rajesh Singh & Anshu Kumari. which may be amended accordingly in my son's Vishesh DMC of Secondary School Examination.

**सार्वजनिक सूचना**

मै बिरेंद्र पुत्र कप्तान वासी गांव मण्डलाना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपना नाम बिरेंद्र से बदलकर बिरेंद्र यादव रख लिया है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य सभी कागजातों में मेरा नाम बिरेंद्र दर्ज है। जिसको नियमानुसार बिरेंद्र यादव करने का कष्ट करें।

धार्मिक

### हकेंवि ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के साथ किया एमओयू

## -आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के दिव्यांगजनों को प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होकर सरकारी, सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में उपयुक्त रोजगार प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौते से विश्वविद्यालय के क्षेत्रों के दिव्यांजन सहित देश के 26 से अधिक राज्यों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना उनके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह पहल उनकी दक्षता, रोजगार पात्रता और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देगी। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से आयोजित इस निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम से दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा में समान अवसर मिलेगा और वे सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को सिविल सेवा, बैंकिंग, रेलवे, शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा निजी क्षेत्र की भर्ती परीक्षाओं जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक अकादमिक कौशल, रणनीतियां और आत्मविश्वास विकसित किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण कोचिंग तक पहुंच उनके रोजगार अवसरों और गरिमापूर्ण करियर की संभावनाओं को बढ़ाएगी।


महेंद्रगढ़। समझौता पत्र कुलपति को सौंपते डॉ. रवि प्रताप पांडेय।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के दक्ष कुमार का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के छात्र दक्ष कुमार ने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अभिनव यंत्र तैयार किया है, जिसके दम पर उनका चयन भारत सरकार के इंसपायर मानक अवार्ड के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह योजना विज्ञान एवं



प्रौद्योगिकी विभाग और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन इंडिया द्वारा संचालित की जाती है, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और सामाजिक समस्याओं के समाधान के प्रति नवाचार को बढ़ावा देना है। दक्ष द्वारा तैयार किया गया महिला सुरक्षा यंत्र आकार में छोटा, आसानी से ले जाने योग्य और आपात स्थिति में तुरंत कार्य करने वाला है। इस उपकरण का उद्देश्य महिलाओं को संभावित खतरों से सतर्क करना और त्वरित सहायता का प्रावधान करना है। विद्यालय स्तर पर चयन के बाद दक्ष का यह मॉडल जिला स्तर पर प्रस्तुत किया गया, जहां इसकी नवीनता, सामाजिक उपयोगिता और तकनीकी क्षमता को देखते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। चेयरमैन रूपराम यादव और प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने दक्ष की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच से जो मिसाल पेश की है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।



## खबर संक्षेप

### सुंदरह में हनुमानजी का मेला कल

**कनीना।** गांव सुंदरह में 14 अगस्त को हनुमानजी के विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश प्रधान ने बताया कि स्वर्गपुरी आश्रम स्थित बाबा सतनाम दास प्रांगण में प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूरदराज से आकर श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस मेले में भंडारे सहित कुश्ती, कबड्डी प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। कबड्डी में विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### कनीना में स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल आज

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस को लेकर 13 अगस्त को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। कॉलेज में होने वाली इस रिहर्सल का निरीक्षण तहसीलदार पायल यादव व बीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत होंगे।

### बुजुर्ग के लॉटरी के नाम पर सोने के कंगन उतारे

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ रोड स्थित बाबा खेतानाथ काम्पलेक्स के समीप करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को लॉटरी निकलने का नाम पर बहला फुसलाकर बाइक सवार दो युवक उसके दोनों हाथों के कंगन निकालकर रफूचक्कर हो गए। हालांकि यह वारदात आसपास लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। बाइक पर कोई नंबर नहीं हैं तथा दोनों युवकों ने अपना मुंह भी छिपाया हुआ है।

### नंबरदार एसोसिएशन के तहसील स्तरीय चुनाव 21 को

**नांगल चौधरी।** तहसील के प्रांगण में नंबरदार एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें तहसील कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने की रूपरेखा बनाई गई। इसके लिए गांव वाइज नंबरदारों को 21 अगस्त को प्रस्तावित बैठक में सम्मलित होने का आह्वान किया। नंबरदार देवेंद्र कुमार, इंद्र कुमार, राजसिंह, ओमप्रकाश, धूड़ाराम, रतनसिंह, हवासिंह ने बताया कि सरजीत नंबरदार को एसोसिएशन का प्रधान निर्वाचित कर रखा है, लेकिन वह बीते कई महीनों से सक्रिय नहीं और न ही एसोसिएशन की बैठक बुलाई है। सभी नंबरदारों ने 21 को बैठक का आयोजन करेंगे।

# सुगम रेल संचालन को फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य किया जा रहा है दोहरीकरण, अटेली, काठूवास व कुण्ड स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखण्ड के मध्य अटेली-काठूवास-कुण्ड स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।




### प्रारम्भिक स्टेशन से रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा एक अगस्त से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19622 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस रेलसेवा एक से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 से 29 अगस्त तक (10 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी- भिवानी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 से 29 अगस्त (10 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस रेलसेवा 20 से से 29 अगस्त तक (10 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 से 29 अगस्त तक (10 ट्रिप) रद रहेगी।

### प्रारम्भिक स्टेशन से आंशिक रद रहेगी

गाड़ी संख्या 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 21, 24, 27 व 29 अगस्त को (04 ट्रिप) मदार से प्रस्थान करेगी व फुलेरा तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा फुलेरा-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी

गाड़ी संख्या 20473 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी रेलसेवा 22 से 29 अगस्त तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी तथा यह अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 20474 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा 21 से 28 अगस्त तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी तथा अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

### प्रारम्भिक स्टेशन से मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा एक से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) दिल्ली से प्रस्थान करेगी व अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा खैरथल, अलवर, बांदीकुई, दौसा, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली रेलसेवा एक से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) जैसलमेर से प्रस्थान करेगी तथा अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर एवं खैरथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ़-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 13, 17, 20, 24 व 27 अगस्त को (08 ट्रिप) चंडीगढ़ से प्रस्थान करेगी तथा यह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19604 गोंडा-दौराई (अजमेर) रेलसेवा 26 अगस्त को (01 ट्रिप) गोंडा से प्रस्थान करेगी, यह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## वेतन नहीं मिलने के विरोध में एनएचएम कर्मचारियों ने दिया धरना

# दूसरे दिन भी 2 घंटे कार्य रखा ठप, 4 माह का वेतन आखिर कब मिलेगा

संघ के जिला अध्यक्ष डा. पुष्पेन्द्र ने बताया कि प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी एनएचएम कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने चार माह से बकाया वेतन नहीं मिलने के विरोध में नागरिक अस्पताल में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। धरने में वक्ताओं ने बताया कि गत सात अगस्त को मुख्यमन्त्री के नाम सिविल सर्जन के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में एनएचएम कर्मचारियों के चार माह से बकाया वेतन का भुगतान नहीं किए जाने पर चरणबद्ध आन्दोलन करने बारे चेतावनी दी गई थी, जिसकी निरन्तरता में आज भी कर्मचारियों ने दो घण्टे का कार्य बहिष्कार कर नागरिक अस्पताल कैम्पस में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष डा. पुष्पेन्द्र ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रदेश समिति के आह्वान पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के सभी एनएचएम कर्मचारियों द्वारा कार्य का बहिष्कार किया गया है। आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकि सभी कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थल पर धरना देकर बकाया वेतन को जारी करने की मांग उठाई गई है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक ओपीडी, आयुष ओपीडी, रजिस्ट्रेशन कार्य, डीईआईसी ओपीडी, बालरोग ओपीडी, कार्यालय के कार्य आदि बाधित रहे तथा विभाग के इस गैर जिम्मेदाराना हरकत के कारण मरीजों को दो घंटे इन्तजार करना पड़ा।


नारनौल। नागरिक अस्पताल में दो घंटे का धरना देते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### यह बोले-प्रदेश सचिव

प्रदेश कार्यालय सचिव हरकेश ने कहा कि सरकार एनएचएम कर्मचारियों के इस सांकेतिक आन्दोलन को हल्के में न ले तथा जल्द से जल्द एनएचएम कर्मचारियों के वेतन को जारी किया जाए। हरियाणा प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी पहले भी अनुशासित तरीके से आन्दोलन कर चुके हैं तथा अड़ियल अधिकारियों एवं सरकार को झुका चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी उनके साथ हो रहे आर्थिक एवं मानसिक शोषण के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे। इस चरणबद्ध आन्दोलन की कड़ी में 14 अगस्त तक पूरे प्रदेश में दो घण्टे का कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। यदि सरकार द्वारा वेतन जारी नहीं किया जाता है तो जल्दी ही संघ की प्रदेश समिति की बैठक बुलाकर आगामी आन्दोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

जिला मन्त्री विनोद राव ने कहा कि हमारी मुख्य मांगे नियमतिकरण, सेवा सुरक्षा, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश, मेडिकल अवकाश इत्यादि हैं। विभाग द्वारा कर्मचारियों का वेतन रोककर मुख्य मांगों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि निन्दनीय है। इस अवसर पर उमेश कश्यप, प्रवेश चौधरी, कृष्ण कुमार, लक्ष्मी देवी, जितेन्द्र यादव, सन्जू, रजनी, सरिता शर्मा, नीलम देवी, कपिल देव, डा. नितेश सिंघल, हेमन्त यादव, डा. दीपक कौशिक, मीरा यादव, बिन्दू, ज्योत्सना, टीका बहादुर, कंवरपाल, दिनेश सैनी, डा. सोनिया चौधरी, नीतू, विजय यादव, मीना देवी, संजोग, हेमन्त गर्ग, जितेन्द्र कुमार, हेमलता, रंजना, अनूप यादव, गौरव कक्कड़, प्रेम प्रकाश व लोकेश आदि मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हैंडबॉल की टीम सम्मानित

■ जिला स्तरीय हैंडबॉल और बास्केटबॉल खेलों का आयोजन कनीना में किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल की हैंडबॉल अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कियों की टीम ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हैंडबॉल और बास्केटबॉल खेलों का आयोजन कनीना में किया जा रहा हैं, जहां हैंडबॉल खेल के मुकाबले में अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कियों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन में रहकर फाइनल मुकाबले में विरोधी टीम के बीच कड़ा मुकाबले के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हैंडबॉल टीम ने साक्षी, प्रीति, रक्षिता यादव, खुशी राव, तनवी, दिशा यादव, कृतिका राव, दीपांशु यादव, तनवी, नव्या, जागृति यादव, प्राची शामिल हैं। प्राचार्य बलवान सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर सम्मान किया। बलवान सिंह ने बताया कि खो-खो वालीबॉल, बास्केटबाल, हैंडबॉल, आर्चरी और सभी प्रकार के एथलेटिक्स इवेंट की प्रैक्टिस स्कूल के खेल मैदान में रोजाना करवाई जाती रही हैं, जिसके कारण बच्चों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ रहा है और वे भिन्न-भिन्न खेल प्रतियोगिता में अपने माता-पिता के साथ स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का सारा श्रेय पीटीआई राकेश को दिया। सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# नेशनल मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नेशनल मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक पावन पर्व पर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापक-अध्यापिका व चालक-परिचालक ने भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार व प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुभाष चंद्र डागर, मनोहर लाल झूकिया, महावीर भांडोर, लाल सिंह यादव, बाबूलाल यादव, रामचंद्र तायल, सुनील तायल, प्रमोद शास्त्री आदि नगर के गणमान्य जन साथ रहे। यतेंद्र यादव ने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से समाज में देश की आजादी के प्रति जागरूकता उत्पन्न होती है। शहीदों का बलिदान याद आता है व इस प्रकार का विचार आता है कि यह आजादी किस प्रकार से अक्षुण्ण बनी रह सकती है। जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने कहा कि यह आजादी हमें बड़े भारी बलिदान के द्वारा प्राप्त हुई है।


महेंद्रगढ़। तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पटाखों पर प्रतिबंध का श्रीसनातन धर्म सभा ने किया स्वागत

■ रावण दहन हेतु सीमित नै की आतिशबाजी की मांग

**नारनौल।** श्री सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से एनसीआर में शामिल 14 जिलों में पटाखों के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्णय का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम निश्चित ही सराहनीय व जनहितकारी है। हालांकि सभा ने यह भी स्पष्ट किया कि दशहरा हमारी सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सत्य की विजय और असत्य के पतन का प्रतीक है। रावण दहन के माध्यम से पीढ़ियों से यह संदेश समाज तक पहुंचाया जाता रहा है। यदि इस सनातन पर्व पर आतिशबाजी पूर्ण रोक लगाई जाती है, तो हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा प्रभावित होगी। श्री सनातन धर्म एज्युकेशन बोर्ड के चेयरमैन गोपाल शरण गर्ग व श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान धर्मचंद छाबड़ा ने सरकार एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आग्रह किया कि रावण दहन जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में सीमित, नियंत्रित और पर्यावरण-अनुकूल आतिशबाजी की अनुमति दी जाए, ताकि प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर भी संरक्षित रह सके।

**जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता**

# बीआर ज्ञानदीप स्कूल के छात्र छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 वर्ग में दीपेश और रोहित ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में तनुज और हर्ष ने सिल्वर मेडल, जबकि दिव्यांशु, मिलन, शुभम और ललित ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अंडर-19 वर्ग में हर्ष ने गोल्ड मेडल हासिल किया, वहीं साहिल, मोहित और अभय ने सिल्वर मेडल जीते। राहुल, कौशल और यश ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उम्दा खेल कौशल और संघर्ष भावना का प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। विजेताओं का विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें पुरस्कार व सम्मान पत्र प्रदान किए गए। प्राचार्य रामवीर यादव और चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन और कोचिंग टीम के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर डीपीई सुनील तंवर, चंद्रभान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


महेंद्रगढ़। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीएंडवी अध्यापकों की एसीपी निदेशालय को देने का विरोध

■ डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन की हुई मीटिंग

**नारनौल।** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन की एक अति आवश्यक मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान विजेंद्र मोर ने की। संचालन राज्य महासचिव सुनील यादव ने किया। बैठक में विशेष तौर से उपस्थित राज्य के चेयरमैन धर्मेंद्र ढांडा, राज्य सचिव महेश यादव व प्रेस सचिव बूटासिंह आदि पदाधिकारियों ने हाल ही में शिक्षा विभाग के उस फैसले की घोर निंदा की है, जिसमें कहा गया है कि सीएंडवी अध्यापकों के एसीपी मामले अब निदेशालय देखेगा। बैठक में जानकारी देते हुए राज्य सचिव महेश यादव ने कहा कि इससे एसीपी कार्यों में देर लगने के साथ-साथ भ्रष्टाचार बढ़ने की भी पूरी आशंका बनी रहेगी। अध्यापक नेताओं ने बताया कि डिजिटल इंडिया का नारा देने वाली सरकार को कार्यों को निपटाने में जटिलता कम करनी चाहिए और ऐसे कार्यों को निचले स्तर पर ही निपटाया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या शिक्षा विभाग को अपने जिला स्तरीय कार्यालयों पर विश्वास नहीं रहा है। जब सीएंडवी अध्यापकों की एपाइंटिंग अथोरिटी डीईओ है तो क्या वे एसीपी जैसे रूटीन कार्यों को करने में सक्षम नहीं है। विभाग को ऐसे तुगलकी फरमान वापिस लेने चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अध्यापकों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

**कार्यक्रम** जिला एमएसएमई केंद्र ने उद्योगपतियों के साथ की बैठक

# उद्योगपतियों से सीधा संवाद, केंद्र और प्रदेश सरकार की उद्योग नीति पर गहन मंथन

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) केंद्र में औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। यह बैठक जिला एमएसएमई केंद्र के उप निदेशक संदीप कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य उद्योगपतियों से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें सरकार की विभिन्न नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इस दौरान उप निदेशक संदीप कुमार ने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।


नारनौल। बैठक में मौजूद उद्योगपति व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### पद्मा योजना और मिनी क्लस्टर विकास योजना पर भी प्रकाश डाला

हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति 2020 के तहत उपलब्ध अनुदानों, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत वित्तीय सहायता, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावाए उन्होंने पद्मा योजना और मिनी क्लस्टर विकास योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला। बैठक का समापन औद्योगिक संघ के अध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने इस तरह के संवाद को उद्योगों के लिए बेहद आवश्यक बताया और कहा कि यह कदम जिला प्रशासन और उद्योग जगत के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत करेगा। जिससे जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बैठक में सुरेश चौधरी, राजकुमार चौधरी, डॉ. मनदीप लांबा, कृष्ण अवतार व अन्य उद्योगपतियों के साथ एमएसएमई केंद्र के औद्योगिक विस्तार अधिकारी राहुल व अजय सिंह भी मौजूद थे।

### उद्यमियों ने उठाई महत्वपूर्ण समस्याएं समाधान का मिला आश्वासन

बैठक में उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों ने जिले के लघु एवं मध्यम उद्योगों की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बिजली आपूर्ति, सड़क ढांचे, पर्यावरण अनापत्ति प्रमाणपत्र की प्रक्रिया और श्रमिकों की उपलब्धता जैसी महत्वपूर्ण समस्याएं उठाई। उप निदेशक संदीप ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया कि इन समस्याओं को संबंधित विभागों के संज्ञान में लाया जाएगा और इनके त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। जिससे वे न केवल अपने उत्पादन में वृद्धि कर सकें, बल्कि निर्यात के अवसर भी बढ़ा सकें। विशेष रूप से एमएसएमई पंजीकरण, सरकारी ई मार्केटप्लेस पोर्टल पर पंजीकरण व डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर जागरूकता पर जोर दिया गया।